जनगणना 2020

इलिनॉय के हर व्यक्ति की गणना होना आवश्यक है! इलिनॉय की आबादी की सटीक गणना यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि राज्य को अपने निवासियों की देखभाल करने और महत्वपूर्ण कार्यक्रम एवं सेवाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक फंड मिले। इस साइट पर जाकर मतदाता अपने क्षेत्र की प्रतिक्रिया दरों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

संयुक्त राज्य अमेरिका जनगणना ब्यूरो की स्व-प्रतिक्रिया की समय सीमा 30 सितंबर, 2020 तक है। ऑनलाइन जनगणना पूरी करने के लिए My2020census.gov पर जाएं या **1-844-330-2020** पर कॉल करें। आप अधिक जानकारी के लिए **987987** पर भी टेक्स्ट संदेश भेज सकते हैं या census.illinois.gov पर जा सकते हैं।

COVID-19 पर IDHS की प्रतिक्रिया

इलिनॉय मानव सेवा विभाग (इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमन सर्विसेज़, IDHS) आपकी सेवा में उपस्थित है! जब COVID-19 महामारी शुरू हुई, तो IDHS ने कर्मचारियों, साझेदार संगठनों और सेवा करने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्परता पूर्वक, जिम्मेदारीपूर्ण और जीवनरक्षक उपाय किए।

महामारी के दौरान IDHS द्वारा उठाए गए कई असाधारण उपायों पर नज़र रखने के लिए, उन्होंने एक रीकैप डॉक्यूमेंट बनाया है जो इस तरह के कुछ अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यों को दर्शाता है।

जबकि अभी संकट जारी है, इसलिए यह और महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम भविष्य के लिए योजना बनाते रहें। उम्मीद है, हम सभी के मन में इस जानकारी से नए विचार प्रस्फुटित होंगे और ऐसा कुछ सीखने को मिलेगा जिससे हमें इलिनॉय में मानव सेवा प्रणाली को नए सिरे से पुनर्स्थापित करने में मदद मिलेगी!

आत्महत्या की रोकथाम हेतु नया लाइफ़लाइन नंबर:

गुरुवार, 16 जुलाई, 2020 को, संघीय संचार आयोग (Federal Communications Commission) ने आत्महत्या की रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य संकट सलाहकारों के साथ जुड़ने हेतु संकट से घिरे अमेरिकावासियों के लिए एक नए, राष्ट्रव्यापी, 3-अंकों के फोन नंबर **988** को स्थापित करने वाले नियमों को लागू किया है। नियमों के अनुसार सभी फोन सर्विस प्रोवाइडर को 16 जुलाई, 2022 तक सभी **988** कॉल्स को मौजूदा राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम लाइफलाइन (National Suicide Prevention Lifeline) की ओर भेजना है। **988** के लागू होने तक, जिन अमेरिकावासियों को मदद की आवश्यकता है, उन्हें **1-800-273-8255** (1-800-273-TALK) पर कॉल कर राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम लाइफलाइन से संपर्क करना जारी रखना चाहिए। बुजुर्ग और सर्विस मेंबर्स डायल करने के बाद 1 दबाकर, www.veteranscrisisline.net पर ऑनलाइन चैटिंग करके, या **838255** पर टेक्स्ट संदेश भेज कर वेटरंस क्राइसिस लाइन से संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, कृपया इस साइट को देखें।

गर्मी में स्वास्थ्य और सुरक्षा:

आमतौर पर गर्मी आउटडोर गतिविधियों के लिए एक शानदार मौसम है। कुछ लोगों के लिए, इन गतिविधियों में मादक पेय का सेवन शामिल होता है। कोरोनावायरस महामारी को देखते हुए, अपने और अपने प्रियजनों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए उपाय करना सीखें। इस गर्मी में अपने स्वास्थ्य की रक्षा के तरीकों के बारे में अधिक जानने के लिए यहां पर क्लिक करें।

इसे न चूकें – विद्यार्थियों के लिए भोजन लाभ

महामारी आपातकालीन लाभ हस्तांतरण (P-EBT) कार्यक्रम इलिनॉय के परिवारों को स्कूल जाने की आयु वाले-बच्चों के लिए खाना खरीदने हेतु मदद करने के लिए फंड उपलब्ध कराता है, जिन्हें यह पिछले वंसत में मुफ्त या कम कीमत पर प्राप्त हुआ होगा। **हालाँकि स्कूल का शैक्षणिक वर्ष समाप्त हो गया है, लेकिन P-EBT के लिए आवेदन करने की समय सीमा को बढ़ाकर 31 अगस्त कर दिया गया है।** पात्र परिवार प्रति बच्चा प्रति चुके हुए स्कूल दिवस के लिए $5.70 पाने का हकदार हैं, जिस दिन से उनके छात्र इसके लिए पात्र हो गए थे।

यदि आपके घर में फिलहाल SNAP का लाभ मिल रहा है और वे छात्र पात्र हैं, तो किसी भी आवेदन की जरूरत नहीं है और परिवारों के मौजूदा LINK कार्डों पर P-EBT के लाभ जोड़ दिए जाएंगे।

जिन परिवारों को वर्तमान में SNAP लाभ नहीं मिलते हैं, पर उनमें ऐसे विद्यार्थी शामिल हैं जो निःशुल्क या कम-कीमत पर खाना प्राप्त करने के योग्य हो सकते हैं, तो वे **31 अगस्त** तक P-EBT लाभों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

अधिक जानने के लिए कृपया abe.illinois.gov पर जाएं।

IDHS सोशल मीडिया

IDHS के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर इसे फॉलो करने के लिए हम आपको आमंत्रित करते हैं। सभी प्लेटफार्म IDHS से जुड़ने और उसके बारे में नवीनतम जानकारी पाने का शानदार तरीका हैं। IDHS अकाउंट्स के लिए लिंक: Twitter, Facebook, YouTube, और LinkedIn।

ग्रीष्मकालीन युवा रोज़गार कार्यक्रम

हाल ही में, इलिनॉय के मानव सेवा विभाग (IDHS) ने राज्यपाल जेबी प्रित्जकर (JB Pritzker), स्थानीय नेतागण, तथा रॉकफोर्ड, वॉकेगन, अर्बाना और ईस्ट सेंट लुई के भागीदारों से जुड़कर IDHS समर यूथ एम्प्लॉयमेंट प्रोग्राम (C-SYEP) की सफलता की ओर सबका ध्यान आकर्षित करने का प्रयत्न किया है।

C-SYEP प्रोग्राम अगस्त 2020 में पूरे राज्य में 2,400 युवा वयस्कों को रोजगार देगा। यह प्रोग्राम उन्हें काम का प्रशिक्षण देगा और इस COVID-19 महामारी के समय काम पाने में मदद करेगा। इस महत्वपूर्ण पहल को सपोर्ट करने के लिए राज्य ने $9.3 मिलियन समर्पित किए हैं।

जो लोग इस प्रोग्राम के बारे में पूछताछ करना चाहते हैं वे प्रोवाइडर और रेफरल कांटेक्ट सूची यहां पा सकते हैं।

SNAP ऑनलाइन खरीददारी

SM SNAP Supplemental Nutrition Assistance Program

IDHS को लगभग दस लाख गृहस्थियों में SNAP के 1.9 मिलियन से भी अधिक ग्राहकों के लिए अब किराने की ऑनलाइन खरीद की पेशकश करते हुए भी गर्व हो रहा है।

अमेज़न और वालमार्ट इस कार्यक्रम के आरंभ होने के साथ इलिनॉय में ऑनलाइन SNAP प्रदान करने वाले सबसे शुरुआती फुटकर विक्रेता हैं। IDHS अन्य किराना फुटकर विक्रेताओं को भी प्रोत्साहित कर रहा है कि वे संपूर्ण इलिनॉय के समुदायों में इस कार्यक्रम की पहुंच चारों दिशाओं में बढ़ाने के काम में भागीदार बनें।

EBT ऑनलाइन से जुड़ने के लिए अन्य किराना व्यापारियों का स्वागत है। प्रोग्राम में दिलचस्पी रखने वाले कोई भी रिटेलर http://www.fns.usda.gov/snap/online-purchasing-pilot. पर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और आवेदन कर सकते हैं